4–78 / 2016–हि0प्र0वि0(क्षे0के0)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
क्षेत्रीय केन्द्र खनियारा, धर्मशाला।

दिनांकः 14 जुलाई, 2023

## सूचना

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, खनियारा, धर्मशाला द्वारा शिक्षा सत्र 2023–2024 के लिए प्रवेश हेतु यह सूचित किया जाता है कि जिन छात्रों ने एम0ए0 संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, लोकप्रशासन, एम0कॉम0, एम0एस0सी0 गणित, एम0बी0ए0, एम0सी0ए0(दो वर्षीय) तथा एल0एल0बी0 (तीन वर्षीय) के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया था तथा सम्बन्धित विषय की प्रवेश परीक्षा उतीर्ण की है, वे अपना आवेदन निर्धारित प्रवेश प्रपत्र पर अर्जित प्रवेशांकों (Entrance Score) सहित दिनांक 26 जुलाई 2023 सांय 5 बजे तक निदेशक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र मोहली खनियारा धर्मशाला के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं ।

इसके अतिरिक्त एम0एस0सी0 भू–गर्भविज्ञान (M.Sc. Geology) तथा पी0जी0डी0सी0ए0 में शैक्षणिक सत्रं 2023–24 के लिए प्रवेश योग्यता (Merit) के आधार पर ही किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनॉक 26 जुलाई 2023 सांय 5 बजे तक निदेशक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र खनियारा, धर्मशाला के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उपरोक्त सभी विषयों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय http://www.hpuniv.ac.in/ तथा क्षेत्रीय केन्द्र की वैबसाईट http://www.hpuniv.ac.in/university-detail/home.php?regional-center-dharamshala से विवरणिका व प्रवेश हेतु फार्म डाउन लोड कर ऊपर दी गयी तिथि के अनुसार भर कर कार्यालय में जमा करवायें ।

(प्रो0 डी0पी0 वर्मा)
निदेशक
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
क्षेत्रीय केन्द्र खनियारा, धर्मशाला